श्याम जू हमारी है | By Anjul Das Ji Maharaj

जय श्री राधे, जय जय राधे, जय श्री राधे .....

अवतार है भक्ति का महिमा बड़ी न्यारी है
सोने पे सुहागा है श्याम जू हमारी है

कहने को हज़ारो हैं दातार ज़माने में
पर राधा कृपा जग में लाखों पर भारी है
सोने पे सुहागा है श्याम जू हमारी है

उम्मीदें चमन की अब चिंता ना फिकर कोई
जब बागबान अपनी वृषभानु दुलारी है
सोने पे सुहागा है श्याम जू हमारी है

जिस घडी हुए दर्शन उस पल के सदक़े मैं
मन तृप्त हुआ जबसे ये छवि निहारी है
सोने पे सुहागा है श्याम जू हमारी है

मेरा कर्म शांत बोलू या धन्य कहूं जीवन
बरसाने में आ ठहरी जीवन की गाडी है
सोने पे सुहागा है श्याम जू हमारी है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%9c%e0%a5%82-%e0%a4%b9%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-anjul-das-ji-maharaj/